# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–05 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

अयोध्या के भव्य मंदिर में भगवान रामलला के विराजमान होने के एक वर्ष पूरे होने पर ग्यारह से तेरह जनवरी तक प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि ग्यारह जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भगवान रामलला का अभिषेक करके आयोजन का शुभारंभ करेंगे।

***ग्यारह तारीख को मुख्यमंत्री महोदय को निवेदन किया गया है कि वह प्रातःकाल दस बजे रामलला का अभिषेक करने के लिय अयोध्या पधारे। मुख्यमंत्री महोदय ने निवेदन को स्वीकार किया है। वे ग्यारह जनवरी को गर्भगृह में रामलला का अभिषेक करेंगे। ग्यारह तारीख को ही दोपहर को दो बजे अंगद किला प्रांगण पर वो समाज का संबोधन करेंगें।***

प्रतिष्ठा द्वादशी के तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान भजनों सहित कई सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगीं।

**********

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण स्वर्गीय कल्याण सिंह की जयंती पर आज लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वर्गीय कल्याण सिंह ने सत्ता के लिए कभी सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नही किया। नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से युवाओं के भविष्य को उज्जवल करने के लिए उनके द्वारा चलाया गया अभियान हमेशा याद रखा जाएगा।

**********

प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया है कि राज्य सरकार के अनुरोध पर केन्द्र सरकार ने रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अवधि को पन्द्रह जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। किसान सिर्फ डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान कर के योजना का लाभ उठा सकते हैं। कृषि मंत्री ने सभी किसानों से अपील की है कि वे गेहूँ, दलहन, तिलहन सहित अपनी सभी रबि फसलों के लिए बीमा योजना का लाभ उठाये।

**********

महाकुंभ नगर में तीर्थराज प्रयाग के संगम तट पर महाकुंभ मेले का आगाज हो चुका है। मेला क्षेत्र में लगने वाले शिविरों में अलग–अलग तरह के  आयोजन हो रहे हैं। इसी सिलसिले में मेले में आज नेत्र कुंभ का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाहक डाक्टर कृष्ण गोपाल ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान चलने वाला नेत्र चिकित्सा का महायज्ञ कई मायने में खास है। इस नेत्र कुंभ में आंखों की जांच के साथ चश्मो का वितरण और आखों का आपरेशन भी सहयोगी अस्पताल के माध्यम से किया जाएगा। इस शिविर में पचास दिनों में लगभग पांच लाख लोगों के नेत्रों की जांच और चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें देश भर के नेत्र चिकित्सक अपना सहयोग प्रदान कर रहे है।

**********

प्रयागराज महाकुंभ मेले के दौरान स्वच्छता रहे, इसको लेकर आज संगम क्षेत्र में गंगा टास्क फोर्स, नगर निगम, वन विभाग सहित पर्यावरण संरक्षण इकाई द्वारा वृहद सामूहिक स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। इसमें महापौर गणेश शंकर  केसरवानी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने श्रमदान कर के गंगा की स्वच्छता का संकल्प लिया।

**********

प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन तक वाराणसी के बाबा विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में बाबा के स्पर्श दर्शन पर रोक रहेगी। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं को बाबा विश्वनाथ का सहज दर्शन कराने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इस बीच मंदिर प्रबंधन ने तेरह जनवरी से लेकर छब्बीस फरवरी तक अनुष्ठानों की नई समय सारिणी जारी की है। मंदिर में मंगला आरती भोर में पौने तीन बजे और शयन आरती रात में साढ़े दस बजे होगी।

**********

प्रयागराज महाकुंभ मेला दो हजार पचीस के दौरान देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे की तरफ से व्यापक इंतजाम किये जा रहे हैं। रेलवे ने महाकुंभ मेले के लिए तेरह हजार रेलगाड़ियां चलाने का फैसला किया है। इनमें तीन हजार विशेष रेलगाड़ियां होंगी। इसके साथ ही प्रयागराज रेल मंडल में श्रद्धालुओं को चिकित्सा सुविधा देने के लिए प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, सूबेदारगंज, नैनी और छिवकी रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑबजर्वेशन रूम स्थापित किए गये हैं। यहां चौबीस घंटे विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने की व्यवस्था है।

**********

टीबी के मरीजों की पहचान और इलाज करने में उत्तर प्रदेश वर्ष दो हजार चौबीस में पूरे देश में सबसे आगे रहा। प्रदेश में साढ़े छह लाख मरीजों की पहचान के लक्ष्य के सापेक्ष छह लाख तिहत्तर हजार मरीजों की पहचान की गयी।

**********

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह पिछले कुछ हफ्तों में चीन में फैले एचएमपी वायरस पर कड़ी निगरानी रख रहा है। मंत्रालय ने लोगों को भी सावधानी बरतने को कहा है। मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद – आईसीएमआर एचएमपी वायरस के परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की संख्या में वृद्धि करेगी और सालभर के दौरान इस वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी रखी जाएगी।

**********